# पुतला दहन! भिड़े भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता

## दोनों तरफ के कार्यकर्ताओं ने की अपशब्दों की बौछार, झूमाझटकी के बाद भाजपा ने दर्ज कराई एफआईआर

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकने पहुंचे थे भाजपाई
- कांग्रेस नेता भी शिकायत दर्ज कराने पहुंचे कोतवाली



सीहोर. सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भिड़ंत हो गई.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 01 सितंबर. भाजपा को अनुशासित पार्टी माना जाता है, लेकिन सोमवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इसे ताक पर रख दिया तो कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मर्यादा भूले. नतीजतन दोनों तरफ से जमकर झूमा- झटकी हुई. अपशब्दों की बौछार हुई. इसके बाद भाजपा नेताओं ने कोतवाली पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया.**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक बयान सीहोर की राजनीति में उबाल ले आया. बयान के विरोध में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला जलाने का प्रयास किया. इस दौरान कांग्रेस भी सामने आ गई और पुतला नहीं जलाने दिया. हालांकि भाजपा ने थोड़ा आगे बढ़कर पुतला फूंक डाला. इसके बाद दोनों पक्षों में तीखी झड़प शुरू हो गई. दोनों ही दल के कार्यकर्ता एक-दूसरे के साथ हाथापाई पर उतर आए. हालात इतने बिगड़ गए कि एक भाजपा कार्यकर्ता को चोट भी आई और यह मामला पुलिस थाने तक जा पहुंचा.

गौरतलब है कि राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान के विरोध में महिला मोर्चा द्वारा धरना- प्रदर्शन कर पुतला दहन का आयोजन किया गया था. इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने पहुंचे व राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे. इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी का पुतला भी जलाया. भाजपा के इस कदम से कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क उठे और बाहर आकर उन्होंने भी भाजपा के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी. देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे के साथ हाथापाई करने लगे. जिससे तनाव का माहौल पैदा हो गया.

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता समीर उर्फ नानू सेन से मारपीट का आरोप बीजेपी नेताओं द्वारा लगाया गया. भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नपा अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर सहित कई कार्यकर्ता कोतवाली थाने पहुंचे और उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता पंकज शर्मा पर समीर के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है.

घटनाक्रम के करीब आधे घंटे बाद कांग्रेस कार्यकर्ता भी कोतवाली पहुंचे. उन्होंने भी भाजपा के कार्यकर्ताओं पर मारपीट करने का आरोप लगाया है. इस घटना के बाद राजनीतिक तनाव बढ़ गया है. भाजपा नेताओं का कहना है कि वे इस तरह के बयानों का पुरजोर विरोध करते रहेंगे, जबकि कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर जानबूझकर माहौल खराब करने का आरोप लगाया है.

**भारी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात काबू में किए**

इस प्रदर्शन की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविन्द्र यादव एवं भारी पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंच गए थे. पुलिस बल ने दोनों पक्षों के बीच हस्तक्षेप करते हुए उन्हें अलग किया. पुलिस की सक्रियता के कारण स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लाया गया और एक बड़ा विवाद होने से बच गया. पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत किया और प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाते हुए स्थिति को नियंत्रित किया.

**महिलाओं को आगे कर भाजपा ने फैलाई अराजकता**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने महिला मोर्चा को आगे कर जिला कांग्रेस कार्यालय में घुसने का प्रयास किया. कार्यकर्ताओं से मारपीट की गई. कार्यालय में आग लगाने की धमकी दी गई. भाजपा गुंडागर्दी पर उतर आई है. हमारे कार्यकर्ता पर झूठा प्रकरण दर्ज कराया गया है. हमने पुलिस को घटना के साक्ष्य सौंपे हैं और पुलिस ने तीन दिन में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है. अगर पुलिस निष्पक्षता से कार्रवाई नहीं करती है तो तीन दिन बाद जिला कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा.

**कांग्रेस ने महिलाओं से की बदसलूकी**

गत दिनों राहुल गांधी एवं जीतू पटवारी द्वारा भाजपा के खिलाफ अर्नगल बयानबाजी की. जिसके विरोध में सोमवार को बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा शांति पूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया जाना था. शांतिपूर्ण कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विघ्न डाला, महिलाओं के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया. इसके बाद उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झूमाझटकी और मारपीट की है. जिसको लेकर एफआईआर दर्ज कराई है.

**नरेश मेवाड़ा,**
भाजपा जिला अध्यक्ष

# चुनाव आयोग बना भाजपा का एजेंट : वर्मा

- कांग्रेस ने आष्टा में निकाली वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली
- तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




नवभारत न्यूज

**सीहोर/ आष्टा 1 सितंबर. कांग्रेस जिला स्तरीय मतदाता अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत वोट गद्दी छोड़ रैली आष्टा स्थित कॉलोनी चौराहा से पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में निकाल कर तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम नितिन टाले को ज्ञापन सौंपा.**

इस दौरान पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार से नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग की वोटों की चोरी को पकड़ा है. उससे पूरे लोगों में एकदम साफ संदेश गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के वोट से प्रधानमंत्री नहीं बने हैं बल्कि जनता के वोट चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं. इसलिए राहुल गांधी के नेतृत्व में पिछले 15 दिनों से बिहार में मतदाता अधिकार यात्रा निकालकर लोगों को जागरुक करने के साथ ही यह संदेश साफ तौर पर देश के लोग दे रहे हैं कि वोट चोर गद्दी छोड़.

उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के वोट चोरी करके सरकार बनाती है पर अब हम सब हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में और प्रदेश में अभियान चलाकर भाजपा की चोरी की पोल खोलेंगे और बीजेपी वालों के चेहरे बेनकाब करेंगे.

प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है पर दुर्भाग्य है कि चुनाव आयोग भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहा है हम चुनाव आयोग को चेतावनी देते हैं कि अपने रवैया में सुधार कर निष्पक्ष रूप से काम करें नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब इस देश के लोग और इस देश का कानून भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने वाले चुनाव आयोग के सदस्यों के गिरेबान तक पहुंचेगा और फिर एक दिन गलत करने वाला कोई भी व्यक्ति नहीं बचेगा और न ही किसी को छोड़ा जाएगा.कार्यक्रम को जिला प्रभारी जयश्री हरीकरण, दिनेश मेघानी, शैलेंद्र पटेल, धर्मेंद्र चौहान, हरपाल ठाकुर, कैलाश परमार, गुलाबबाई ठाकुर सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया.

# 14 स्कूलों को बंद किए जाने के विरोध दिया धरना

**अशोकनगर।** शहर के 14 स्कूल बंद किए जाने और पुराने एक्सीलेंस स्कूल की जगह पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की नवीन बिल्डिंग के निर्माण की मांग को लेकर स्कूल बचाओं संघर्ष समिति के नेतृत्व में विद्यार्थीयों और उनके अभिभावकों द्वारा कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमें शंकरपुर मगरदा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय को बंद कर दिया गया है उसे जल्द से जल्द यथावत शुरू किया जाने, शहर और ग्राम के 14 स्कूल जो बंद करने की सूची में है इन सभी को बंद करने पर तुरंत रोक लगाए जाने और पुराने एक्सीलेंस स्कूल (पानी की टंकी के सामने) की जगह पर कन्या उ.मा. विद्यालय के नवीन भवन का निर्माण किए जाने एवं उस जगह पर नगरपालिका द्वारा व्यावसायिक उपयोग हेतु किए जा रहे निर्माण कार्य पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई। वहीं चेतावनी दी गई कि जल्द की मांगो पर निर्णय नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन किया जावेगा.

# तीन राशन दुकानों में अनियमितताएं पाए जाने पर 25 लाख से अधिक की वसूली

नवभारत न्यूज


**सागर 1 सितंबर. शासकीय उचित मूल्य दुकान कांचरी, मेहर एवं खजुरिया गुरू में अनियमितताएं पाए जाने पर प्राधिकार पत्र निरस्त करते हुए लाखों रूपए की वसूली संबंधी बड़ी कार्यवाही की गई.**

नरयावली अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान कांचरी में अनियमितताएं पाए जाने के कारण आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत संस्था का प्राधिकार पत्र निरस्त किया गया तथा वसूली राशि 6,38,630 की कार्यवाही प्रारंभ की गई. इसी प्रकार तहसील सागर अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान मेहर में अनियमितताएं पाए जाने से प्राधिकार पत्र निरस्त करते हुए 11,50,111 राशि वसूली की कार्यवाही प्रारंभ की गई.शासकीय उचित मूल्य दुकान खजुरिया गुरु में प्राधिकार पत्र निरस्त करते हुए 6,82,000 राशि वसूली की कार्यवाही प्रारंभ की गई.

जानकारी के अनुसार सहायक आपूर्ति अधिकारी, सागर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम कांचरी में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड 1003080के विक्रेता अरविन्द सोनी, इसी प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान मेहर कोड 1001100 के विक्रेता श्रीमती शैलनंदनी सेन पति मनोज सेन एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान खजुरिया गुरू कोड 1001103 विक्रेता अरविंद कुमार सोनी को कार्यालयीन कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था. विक्रेताओं द्वारा प्रस्तुत जबाव, उन पर लगाए गए आरोपों के संबंध में कोई समाधानकारक तथ्य प्रस्तुत नहीं किए गए. विक्रेता द्वारा प्रस्तुत जबाव संतोषजनक न मानते हुए गम्भीर अनियमितता पाये जाने के फलस्वरूप म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के तहत कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम श्रीमती अदिति यादव द्वारा संस्था का प्राधिकार पत्र निरस्त किया गया है.

# रामगढ़ में बन रहे अवैध हथियार राज्यों में हो रहे थे सप्लाई

- भोपाल क्राइम ब्रांच ने दबिश देकर किया पर्दाफाश
- पिता, पुत्र सहित नाती बनाता था अवैध हथियार



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।** भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने रविवार को टीकमगढ़ जिले के जतारा थाना क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ में अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी पर छापामार कार्यवाही यहां चल रही गतिविधियों का भंडाफोड़ किया है। जिसमें भोपाल क्राइम ब्रांच के दल के साथ स्थानीय जतारा थाना पुलिस टीम भी शामिल रही। हालाकि क्राइम ब्रांच एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन ने इस कार्यवाही को लेकर मीडिया से दूरियां बनाए रखी। कार्यवाही के अगले दिन क्राइम ब्रांच ने इस मामले का खुलासा कर दिया है।

भोपाल क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने उक्त मामले की जानकारी देते हुए बताया कि टीकमगढ़ के जतारा थाना क्षेत्र के ग्राम रामगढ में दादा, बेटा और नाबालिग पोते द्वारा अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। जिसमें दोनों अवैध हथियार फैक्ट्री का खुलासा किया गया है। फैक्ट्री दूरस्थ वेयरहाउस में लगाई गई थी आरोपी सुरेंद्र और परिवार ने हथियारों का निर्माण स्थानीय स्तर पर करते हुए प्रदेश के बाहर विशेषकर उत्तर प्रदेश में सप्लाई की जा रही थी। टीम ने फैक्ट्री से लेथ, वेल्डिंग, ड्रिल मशीनें, देसी पिस्टल और तीन अधूरी पिस्टल सहित कई कलपुर्जे जब्त किए है।

**जतारा पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

इस कार्यवाही के बाद आम लोगों ने जतारा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए है।उन्होनें कहा कि भोपाल की क्राइम ब्रांच की टीम यहां कार्यवाही करती रही और जतारा थाना प्रभारी एवं संबंधित बीट प्रभारी को इस कार्यवाही की भनक नही लगी इससे जतारा पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है।अधिकारियों से बात करुगां।

**5 आरोपियों के नाम उजागर, एक आरोपी फरार**

टीकमगढ़ जिले के थाना जतारा अंतर्गत आने बाले ग्राम रामगढ में भोपाल से आई क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में बताया कि आरोपी मुख्तार खान, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सैफअली उर्फरिंकू, मुमताज अली और आनंदी विश्वकर्मा के नाम इसमें शामिल है जबकि एकआरोपी नरेन्द्र प्रताप सिंह परमार फरार है। टीम ने मौके से लेथ मशीनें, वेल्डिंग मशीन, ड्रिल मशीन मिलिंग मशीन, ब्लेंडर मोटर, देसी पिस्टल, तीन अधूरी पिस्टल, बैरल, लोहे के फ्रेम, ट्रिगर, स्लाइडर, कारतूस, मैगजीन,बट की लकड़ी और अन्य कलपुर्जे जब्त किए हैं।

# शर्मिंदा हुआ शहर, मरा सुअर और गंदगी को देखकर भूखे लौटे मुनिश्री

**गुना 1 सितम्बर. सोमवार का दिन गुना शहर के लिए शर्म और कलंक से भरा काला अध्याय साबित हुआ। नगर पालिका की लापरवाह सफाई व्यवस्था ने उस समय पूरे शहरवासियों का सिर झुका दिया, जब चातुर्मासरत ज्येष्ठ निर्यापक मुनिश्री योगसागर महाराज को गंदगी के कारण बिना आहार किए ही लौटना पड़ा।**

यह दुखद घटना उस दिन हुई जब मुनिश्री का जन्मदिन था और श्रद्धालु बड़े उत्साह से उन्हें आहार कराने के लिए विधि-विधान से ले जा रहे थे। लेकिन चौधरी मोहल्ला क्षेत्र में रास्ते में मरा सुअर और गंदगी देखकर मुनिश्री ने आहार स्वीकार नहीं किया और रास्ते में से ही भूखे ही लौट आए। इस बारे में जैन समाज अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि मुनिश्री का आहार (भोजन) अब बुधवार को होगा। क्योंकि तीन दिन आहार करने के बाद चौथे दिन मुनिश्री उपवास करते हैं। ऐसे में सोमवार को तीसरे दिन आहार नहीं हुआ और चौथे उपवास रहेगा। बुधवार को मुनिश्री 72 घंटे बाद आहार हो पाएंगे। वो भी तब जब मुनिश्री को उनकी प्रतिज्ञा अनुसार विधि मिलेगी और शहर में कोई गंदगी या मरा जीव नहीं दिखेगा। उल्लेखनीय है कि शहर में इस बार निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज 12 मुनिराजों के साथ चातुर्मास कर रहे हैं। आचार्य विद्यासागरजी महाराज के गृहस्थ जीवन के सगे भाई और दिगंबर जैन धर्म के श्रेष्ठ संत माने जाने वाले निर्यापक मुनिश्री योगसागर का गुना में चातुर्मास होना पूरे जिले के लिए सौभाग्य माना जा रहा है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार शिक्षक को रौंदा

**श्यामपुर1 सितंबर.** जिला मुख्यालय से श्यामपुर मार्ग पर ग्राम खंडवा जोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार शिक्षक को रौंद डाला जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. श्यामपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है. जानकारी अनुसार श्यामपुर निवासी शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर सोमवार की दोपहर अपनी बाइक से सीहोर की तरफ जा रहे थे. बताया जाता है कि ग्राम खंडवा के समीप वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चालक गोविंद सिंह ठाकुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपते हुए वाहन चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है.

# टीएल की बैठक : निगमायुक्त सहित दो अधिकारियों को नोटिस

नवभारत न्यूज

**सागर 1 सितंबर. शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर उपलब्ध कराएं. उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी.आर ने समय सीमा बैठक में दिए. बैठक में अनुपस्थित नगर निगम आयुक्त सहित मालथौन एसडीएम एवं नपा मकरोनिया के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं.**

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन के द्वारा लोक हितकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले यह सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि इसी प्रकार आपदा राहत की राशि भी समय का प्राप्त हो यह भी सुनिश्चित किया जाए.उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने एवं शासन की योजना का लाभ प्रदान करने में विलंब करने पर विभिन्न अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस एवं एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए. समय सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण न करने पर नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, साथ ही एसडीएम मालथोन मनोज चौरसिया को बैठक में अनुपस्थित रहने पर एवं नगर पालिका अधिकारी मकरोनिया पवन शर्मा के द्वारा हितग्राहियों को समय सीमा में लाभ प्रदान नहीं करने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

# ऑपरेशन से पहले ही मरीज की मौत



नवभारत न्यूज

**विदिशा 1 सितम्बर,** सोमवार को मेडिकल कालेज में उस वक्त हंगामा हो गया जबकि इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई. परिजनों को आरोप है कि डाक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती है जिसके चलते उनके मरीज की मौत हुई है. वहीं परिजनों ने ने मेडिकल कालेज के स्टाफ और सुरक्षा गार्डों पर भी मारपीट का भी आरोप लगाया है.

मेडिकल कालेज में हो रहे हंगामें की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया. ग्राम हिनोतिया निवासी 45 वर्षीय बृजेंद्र लोधी को हर्निया के ऑपरेशन के लिए दो दिन पहले मेडिकल कॉलेज में कराया था भर्ती. सोमवार को दोपहर के समय उनके हर्निया का ऑपरेशन कराया जाने की बात कही गई थी. इसी दौरान डॉक्टरों द्वारा उनकी मौत होने की जानकारी दी गई. परिजनों ने उन्हें देखना उनसे मिलने की बात कही, परिजनों ने बताया कि उन्हे रोका गया, डॉक्टरों और गार्ड ने है उनके साथ मारपीट कर दी.इस बीच दोनों पक्षों से हंगामा हो गया.

**कॉलेज गेट के बाहर कांग्रेस का प्रदर्शन**

इस मामले की जानकारी मिलते ही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परिजनों के समर्थन में पहुंचे और डॉक्टर और सुरक्षा कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज के गेट के बाहर जिला प्रशासन और मेडिकल प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की गई.

**राधाष्टमी** | **बांदरी में 50 लाख रुपए की लागत से बनेगी धर्मशाला, सड़क निर्माण की मंजूरी**

# 'गौपालन हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था से जुड़ा है'



नवभारत न्यूज

**बांदरी 1 सितंबर. बाबा कारसदेव मंदिर प्रांगण में आयोजित राधाष्टमी समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वृंदावन धाम में श्रीराधा-कृष्ण रास रचाते हैं.**

उन्होने कहा कि महान संत हरिदास जी ने वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण और माता श्री राधारानी जी की रासलीला को साक्षात देखा है. ब्रजभूमि में ऐसे कई स्थान हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए सदियों से आस्था का केंद्र हैं. माता श्री राधारानी जी का वास योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के हृदय स्थल में है, धर्म शास्त्रों में बताया गया है कि मां राधा की पूजा किए बिना हमें भगवान श्री कृष्ण की प्राप्ति नहीं हो सकती.

इस अवसर पर उन्होंने बांदरी बस स्टैंड के पास 50 लाख की लागत से धर्मशाला तथा पटवारी कार्यालय से मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी. पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने बांदरी में नवनिर्मित भगवान श्री राधा कृष्ण जी के मंदिर का अवलोकन किया. उन्होंने कहा कि इस मंदिर के निर्माण के आरंभ से ही मेरा संबंध इससे जुड़ा हुआ है, आज इसे एक तीर्थ की तरह विकसित रूप में देख कर मन प्रसन्नता और भावनाओं से भर गया है. श्री सिंह ने कहा कि जीवन से बुराइयों और विकार को समाप्त करें, बच्चों को संस्कार धान, शिक्षित और योग्य बनाएं. भगवान की कथाओं से नई पीढ़ी को अवगत कराएं तो सबका घर स्वर्ग हो जाएगा. उन्होंने कहा कि गौपालन हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था से जुड़ा है. गोवर्धन पर्वत उठा कर उन्होंने इंद्र के अभिमान को तोड़ा और संदेश दिया कि ये प्रकृति,पर्वत, वृक्ष हमारे जीवन के संरक्षक हैं जिनका संरक्षण हमें भी करना चाहिए. संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर ने किया. कार्यक्रम में डॉ. डीपी यादव, बंटी यादव, आजाद यादव, मंडल अध्यक्ष नीतेश यादव, राजेन्द्र यादव, उदयपाल यादव मौजूद थे.

# युवक को जिंदा जलाने की कोशिश



**गुना.** जिले में मानवता को झकझोर देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जिले के ग्राम कुलमबेह निवासी चंदन गुर्जर को केवल इसलिए आग के हवाले कर दिया गया क्योंकि उसने अपनी रकम लौटाने की मांग की थी। गंभीर रूप से झुलसे पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित ने इस पूरे मामले में आरोपी पुलिस ड्राइवर के साथ-साथ थाना प्रभारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के संबंध में पीड़ित चंदन ने लिखित शिकायत में बताया कि आरोपी सुरेन्द्र भील, निवासी नेत्याखेड़ी, जो थाना ड्राइवर के पद पर तैनात है, ने फतेहगढ़ क्षेत्र में एक मामले को खत्म कराने के नाम पर उससे एक लाख रुपये रिश्वत के रूप में ले लिए थे। लेकिन रकम लेने के बाद उसने न तो मामला खत्म कराया और न ही रकम लौटाई। जब चंदन ने पैसे वापस मांगना शुरू किया तो सुरेन्द्र भील लगातार गाली-गलौज और झगड़े पर उतारू हो गया.

# नशे के सौदागरों को कठोर कारावास

**सीहोर 1 सितंबर.** न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ का विक्रय करने वाले छह आरोपियों को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया. मादक पदार्थ से संबंधित घटना के संबंध में बताया गसर है कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एनसीबी इंदौर आंचलिक इकाई ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी में शामिल छह आरोपियों को दोषी ठहराने में सफलता प्राप्त की है. अभियोजक ने बताया कि यह मामला 2022 में एनसीबी इंदौर आंचलिक इकाई द्वारा दो वाहनों से 882.72 किलोग्राम गांजा बरामद किया.